ऊर्जा संरक्षण पर सैमीनार करवाया

मानसा : समारोह के दौरान कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी व उपस्थिति। (मित्तल)

भटिंडा : ऊर्जा संरक्षण संबंधी पर्चे वितरित करते रेलवे कर्मी। (बिट्टू)

भटिंडा, 17 दिसम्बर (परमिंद्र): उत्तर रेलवे की ओर से मनाए जा रहे ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत रेलवे स्टेशन पर स्थित पावर हाऊस में रेलवे के सीनियर सैक्शन इंजीनियर के नेतृत्व में ऊर्जा संरक्षण पर सैमीनार करवाया गया।

इसमें बिजली की बचत के विभिन्न पहलुओं पर रोशनी डाली गई। इस अवसर पर प्रवक्ताओं ने बताया कि रेलवे में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर भारी मात्रा में बिजली बचाई जा सकती है। गौरतलब है कि उक्त ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 14 से 21 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जे.ई. मनीश कुमार, ओम प्रकाश, कुलवंत सिंह, भारत भूषण, सतपाल, मनजीत कुमार आदि उपस्थित थे। इस दौरान ऊर्जा संरक्षण पर पर्चे भी वितरित किए गए।

मानसा (मित्तल): गांव मूसा के सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में थर्मल प्लांट बणांवाली के सहयोग से विश्व ऊर्जा दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के स्लोगन, पेंटिंग व ड्राइंग के मुकाबले करवाए गए। समारोह के आखिर में ए.डी.सी. विकास हरिन्द्र सिंह सरां ने पहुंच कर थर्मल प्लांट की प्रबंधकीय कमेटी की तरफ से दान किए आर.ओ. प्लांट का उद्घाटन करने के उपरांत मुकाबलों में से विजेता रहे बच्चों को विशेष तौर पर सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रिंसीपल अशोक कुमार, सरपंच अवतार सिंह, चूड़ा सिंह चेयरमैन स्कूल मैनेजमैंट कमेटी, जसपाल सिंह, सिकन्दर सिंह, लखवीर सिंह, हरप्रीत सिंह, मैडम रजनी गर्ग, नछत्तर सिंह, परमिन्द्र कौर आदि उपस्थित थे।